# फिल्म सिटी के शिलान्यास का मुहूर्त तय, 26 को रखी जाएगी नींव

## मुख्यमंत्री योगी के हिस्सा लेने की संभावना, पहले चरण में 900 करोड़ की लागत से 86 एकड़ में होगा निर्माण कार्य

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा/ लखनऊ। यमुना प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-21 में प्रस्तावित इंटरनेशनल फिल्म सिटी के शिलान्यास का मुहूर्त निकल गया है। 26 जून को शाम पांच बजे इसकी नींव रखी जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ सकते हैं या वर्चुअल भी शामिल हो सकते हैं। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

फिल्म सिटी के पहले चरण का निर्माण 900 करोड़ की लागत से 86 एकड़ में होना है। बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रा.लि. के चेयरमैन और फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने फिल्म सिटी का मानचित्र स्वीकृति के लिए यमुना प्राधिकरण को दिया था। नक्शा पास हो गया है। यीडा और कंपनी के बीच हुए अनुबंध के अनुसार, 27 जून तक शिलान्यास न होने पर प्रतिदिन 1.5 लाख रुपये के हिसाब से जुर्माना लगेगा। तय समय में निर्माण शुरू करने के लिए बोनी कपूर ने दो दिनों तक नोएडा, ग्रेटर नोएडा में डेरा डाला।



शिलान्यास के लिए चल रहा काम। फाइल

### पहले चरण में होंगे ये निर्माण

पहले चरण को ए, बी और सी में बांटा गया है। चरण-1ए में साउंड स्टेज, बी में फिल्म यूनिवर्सिटी और सी में स्थायी स्टूडियो बनेंगे। तीनों का निर्माण एक साथ होगा। पहले चरण में निर्माण क्षेत्र 86 एकड़ और हरित क्षेत्र 26 एकड़ रखा गया है। पहला चरण 18 माह में पूरा करना है।

### फिल्म यूनिवर्सिटी में होंगे आठ स्कूल

| चरण और उनका क्षेत्रफल | |
|---|---|
| चरण-1ए | 27 एकड़ |
| 1बी | 16 एकड़ |
| 1सी | 17 एकड़ |

फिल्म यूनिवर्सिटी में आठ स्कूल होंगे। जो नाट्य और संगीत की अलग-अलग विधाओं के लिए समर्पित होंगे। निर्माण से संबंधित पूरा ढांचा एंफी थियेटर, एडिटिंग रूम, स्टेज, कैफेटेरिया, आडिटोरियम आदि होंगे। शूटिंग के लिए मिनिएचर साउंड स्टेज में फिल्मों की शूटिंग के लिए कई मिनिएचर बनाए जाएंगे। इसमें हेलीपैड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, जेल, एयरपोर्ट, मंदिर, स्कूल, कॉलेज आदि होंगे। चरण-1सी में स्थायी स्टूडियो बनाए जाएंगे।

### बेहतर होगी कनेक्टिविटी

यमुना प्राधिकरण फिल्म सिटी की बुनियादी सुविधाओं का मजबूत ढांचा तैयार करेगा। पांच एमएलडी क्षमता का रेनीवेल, 132/33 केवीए का सब स्टेशन बनाया जाएगा। आठ लेन के चार इंटरचेंज बनाए जाएंगे, जो फिल्म सिटी को गंगा एक्सप्रेसवे, 130 मीटर चौड़ी सड़क, 100 मीटर चौड़ी सड़क से जोड़गा। फिल्म सिटी के दोनों तरफ चौड़ी सड़कें बनाई जाएंगी।